Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding special package for restoration work of Kaziranga National Park.

श्री गौरव गोगोई (कलियाबोर) : अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद । महोदय, कुछ ही दिन पहले हमारे भारत की सरकार ने यह आंकड़ा दिया कि हमारे देश में बाघों, टाइगर्स की जो संख्या है, वह ऐतिहासिक रूप से 2,967 की संख्या तक पहुंच गई है । यह सचमुच देश के लिए बहुत गर्व का माहौल है । …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : पूरा सदन इसके लिए बधाई देता है ।

…(व्यवधान)

श्री गौरव गोगोई : महोदय, मैं इस सदन के द्वारा जो हमारे फॉरेस्ट्स में फ्रंट लाइन स्टाफ है, जो फॉरेस्ट रेंजर्स हैं, उनको धन्यवाद देना चाहूंगा । आज फॉरेस्ट रेंजर्स डे भी है । हमारे देश के जंगलों में जो सिपाही हैं, उनको पोचर्स और माइनिंग माफियाओं से लड़ना होता है ।

माननीय अध्यक्ष : कभी-कभी प्रधान मंत्री जी और वन मंत्री जी को भी बधाई दे दिया कीजिए ।

…(व्यवधान)

श्री गौरव गोगोई : महोदय, मैं फ्रंट लाइन रेंजर्स से शुरूआत कर के, जो हमारे अफसर हैं, एक्टिविस्ट्स हैं, मीडिया है, राज्य सरकार और केन्द्र सरकार को बधाई देता हूं । पूर्व की कांग्रेस सरकार ने प्रोजेक्ट टाइगर शुरू किया था । उसके लिए बहुत फंड्स आए थे, जिनसे टाइगर्स को संरक्षण दिया गया था, इसके लिए मैं पूर्व की सरकार को धन्यवाद देता हूं ।

महोदय, आपने देखा होगा काज़ीरंगा का एक चित्र आया था, जिसमें एक बाघ बाढ़ से भाग रहा था और एक घर में छिपा हुआ था । आज काज़ीरंगा में

बाघों को बहुत डैमेज हुआ है । यह जो डैमेज हुआ है, मैं इसके लिए केन्द्र सरकार से काज़ीरंगा के हाई-लैंड, एडीबी, इम्बैंकमेंट प्रोजेक्ट और काज़ीरंगा को रीस्टोर करने के लिए विशेष पैकेज की दरख्वास्त करता हूं ।